हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

19 अप्रैल 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोकसभा में 131वें संविधान संशोधन विधेयक के खारिज होने पर विपक्षी दलों की आलोचना की।
2. हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिढढा ने जींद-सफीदों रोड के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया।
3. आज पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भगवान परशुराम जयंती पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।
4. थानेसर से विधायक अशोक अरोड़ा ने नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी में हुए आत्महत्या के मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की।
5. आज अक्षय तृतीय का पर्व भी श्रद्धा से मनाया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ये पर्व दान, तप और सेवा की भावना को मजबूत करता है।

*******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोकसभा में केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए 131वें संविधान संशोधन विधेयक के खारिज होने पर विपक्षी दलों को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों ने जिस प्रकार सदन में विधेयक का विरोध किया है और बाद में जश्न मनाया, उससे नारी के सम्मान को ठेस पहुंची है। जिसे देश की नारी कभी माफ नहीं करेगी।

श्री नायब सिंह आज रोहतक में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में जो कुछ भी हुआ, वह अलोकतांत्रिक था। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का असली चेहरा जनता के समाने आ गया है।

उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस पार्टी 55 साल तक सत्ता में रही लेकिन महिलाओं के हित के लिए क्या किया। कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया है। अब भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के नेता नारी का अपमान करने का काम कर रहे हैं। इन पार्टियों के नेताओं ने देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से लगातार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष ने परिसीमन के नाम पर झूठ फैलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने हर उस निर्णय का विरोध किया है, जो देश को आगे ले जाने वाला है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी घटिया स्तर की राजनीति कर रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया  की बधाई भी दी।

वहीं, इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि इस मामले में विपक्षी दलों का दोहरा चरित्र सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां कभी नहीं चाहती कि महिलाओं को उनके अधिकार मिलें।

****************************************************************

पूर्व कृषि मंत्री जे पी दलाल ने आज भिवानी में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की । मीडिया से रूबरू होते हुए जे पी दलाल ने नारी शक्ति वंदन संशोधन पास ना होने पर काँग्रेस व उसके सहयोगी दलों की आलोचना की । श्री दलाल ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशकों बाद महिलाओं को उनका हक दिलाने का ऐतिहासिक कदम उठाया पर काँग्रेस की मोदी विरोधी मानसिकता ने देश की आधी आबादी का हक छीन लिया । उन्होंने कहा कि आने वाले समय में काँग्रेस को इसकी कीमत चुकनी होगी । श्री दलाल ने कहा कि मोदी जो कहते हैं वो करते हैं, वो महिलाओं को उनका हक दिलाने का प्रयास करते रहेंगे । वहीं विपक्ष द्वारा महिला आरक्षण के बहाने मनमाना परिसीमन थोपने के सवाल पर उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए परिसीमन जरूरी था ।

***********************************************************

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिढढा ने अक्षय तृतीय और भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर आज जींद-सफीदों रोड के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया । इस अवसर पर डॉ मिढढा ने क्षेत्रवासियों को परियोजना के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस लंबित परियोजना के शुरू होने से जींद के विकास को नई गति मिलेगी । उन्होंने बताया कि लगभग 41 किलोमीटर लंबी इस सड़क को 10 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा, जिस पर करीब 56 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत आएगी ।

उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत सफीदों गेट से भगवान परशुराम चौक तक कंक्रीट की सड़क का निर्माण होगा तथा आगे ब्लैक टॉप सड़क बनाई जाएगी । साथ ही सड़क पर आधुनिक ढंग से रोशनी की व्यवस्था भी की जाएगी । उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, जिसकी अनुमानित अवधि लगभग डेढ़ वर्ष निर्धारित की गई है ।

पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए डॉ मिढढा ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान यदि पेड़ों की कटाई होती है तो उसके बदले दोगुने पेड़ लगाए जाएंगे । इसके लिए सरकार ने वैकल्पिक भूमि की व्यवस्था भी कर ली है ।

उन्होंने कहा कि जींद जिले को अब तक 9 राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ा जा चुका है, जिससे क्षेत्र के विकास को मजबूती मिली है । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए डॉ मिढढा ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है । उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के हर क्षेत्र को समान रूप से विकसित करने की है ।

**********************************************************

आज पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में परशुराम जयंती का त्योहार पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। भगवान परशुराम ऋषि ऋचिक के पौत्र और जमदग्नि के पुत्र हैं। इनकी माता का नाम रेणुका था। भगवान शंकर ने ही उन्हे परशा प्रदान किया था। हाथ में परशा धारण करने के कारण वे परशुराम के नाम से जाने गए। उन्हें विष्णु का छठा अवतार भी माना जाता है।

हरियाणा के छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध भिवानी शहर में आज भगवान परशुराम जयंती उत्साह और यज्ञ हवन के साथ मनाई गई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर माल्यार्पण, हवन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में भिवानी के परशुराम मंदिर में श्रद्धालुओं ने समाज में सद्भावना और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया।

***********************************************************

आज कुरुक्षेत्र में रेलवे रोड पर भगवान परशुराम चौक पर थानेसर से मौजूदा विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने भगवान परशुराम के चरणों में नमन किया और कहा कि भगवान परशुराम पापियों का अंत करने के लिए इस सृष्टि में आए थे।

विधायक ने लोगों से भगवान परशुराम के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

*****************************************************************

फरीदाबाद, ग्रेटर फरीदाबाद और बल्लभगढ़ से भी परशुराम जयंती धूमधाम से मनाए जाने के समाचार मिले हैं। जहां विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा शोभायात्राएं निकाली गईं। सुबह से ही मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। सूरजकुंड स्थित सिद्ध दाता मंदिर संस्थान में हवन यज्ञ आयोजित किया गया । सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित प्रवचन आयोजित किए गए, जिनमें धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।

ग्रेटर फरीदाबाद में युवा संगठनों द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया गया है।

*****************************************************

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि भगवान परशुराम ने समाज को अन्याय के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ने की राह दिखाई । उनके दिए सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर इंसान सदैव तरक्की कर सकता है । सांसद नवीन जिंदल कैथल जिले के गाँव फरल तथा ब्राहमण समाज कल्याण समिति पुंडरी द्वारा भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि सरकार महापुरुषों की जयंती के कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर मनाकर सभी वर्गों को पूरा सम्मान दे रही है । उन्होंने कहा कि कैथल में भगवान परशुराम के नाम पर लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है । इस संस्थान के बनने से प्रदेश के युवाओं को रोज़गार मिलेगा तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति आएगी । इस वर्ष के अंत तक इस कॉलेज का निर्माण पूरा होने की उम्मीद है । उन्होंने फरल में ब्राह्मण समाज को 21 लाख रुपये की विकास राशि विकास कार्यों के लिए देने की घोषणा भी की ।

*********************************

कुरुक्षेत्र में थानेसर से विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में हुए आत्महत्या मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने मांग की है।

आज कुरुक्षेत्र में मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा की होनहार बच्चों के साथ ऐसा होना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

***********************************************************************

आज अक्षय तृतीया का पावन पर्व भी श्रद्धा से मनाया गया। करनाल के श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में विशेष धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने यहाँ श्री घंटाकर्ण महावीर देव, श्री ओसियां मां तथा गुरुदेव श्री मनोहर मुनि महाराज का मंगल आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम में जैन समाज के श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही और पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था का माहौल देखने को मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्षय तृतीया का पर्व दान, तप और सेवा की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस संस्था ने सदैव समाज में नैतिक मूल्यों, शिक्षा और सेवा कार्यों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो अनुकरणीय है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री आत्म मनोहर जैन संस्थान समूह के अनेक सेवा प्रकल्पों का लोकार्पण तथा शिलान्यास भी किया।

**************************************************************************************

कांग्रेस ने पंचकूला नगर निगम चुनाव में महापौर के पद हेतु हरियाणा महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुधा भारद्वाज को उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस ने कल अंबाला नगर निगम चुनाव में महापौर पद के लिए श्रीमती कुलविंद्र कौर तथा सोनीपत में महापौर पद के लिए जिला कांग्रेस कमेटी -शहरी के अध्यक्ष कमल दीवान को पार्टी प्रत्याशी घोषित किया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा है कि सुधा भारद्वाज कांग्रेस की जुझारू, कर्मठ एवं समर्पित नेत्री हैं, जिन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**********************************************************************************